वंदनाश्री ने मीराबाई के चरित्र पर दी अभिनय व नृत्य की प्रस्तुति

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार वंदनाश्री को सम्मानित करते अतिथि। साथ में हैं पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया व अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

मथुरा। केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी दिल्ली की अनुदान योजना के अंतर्गत सांस्कृतिक संस्था ब्रज लोक संस्कृति एवं सेवा संस्थान द्वारा सारथी परिवार के सहयोग से ब्रज कला केंद्र सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार वंदनाश्री ने मीराबाई के चरित्र पर आधारित गायन, अभिनय व नृत्य की एकल प्रभावी प्रस्तुति दी।

संसार के अनेक देशों में ब्रज की होली, पारंपरिक नृत्य तथा लोक संगीत आदि कार्यक्रमों से ख्याति अर्जित करने वाली कलाकार वंदनाश्री ने नृत्य नाटिका की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसमें कृष्ण-भक्ति का प्रेरणात्मक संदेश है। संगीतिका में प्रस्तुत कथानक के अनुरूप पार्श्व पृष्ठभूमि में संबंधित दृश्यों को आकर्षक रूप में दर्शाया गया था। कार्यक्रम का समापन मयूर नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति से हुआ।

कार्यक्रम के समापन पर विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया ने कहा कि आज की पीढ़ी मीरा आदि को भूलती जा रही है।

कार्यक्रम में प्रस्तति देतीं वंदनाश्री।

ब्रज कला केंद्र सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

इससे भारत का गौरवशाली इतिहास आहत होगा। कार्यक्रम में ब्रज कला केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोहर लाल गोयल, राजेंद्र भगत, दीपक गोयल, दीपा भार्गव, नरेश वर्मन, वीरेंद्र गोयल, नीलेश आदि मौजूद थे। संचालन राजकुमार यादव ने किया। अंत में सारथी संस्था के अध्यक्ष मफत लाल अग्रवाल ने वंदनाश्री को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।